## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 20.06.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



## “मासिक सैनिक सम्मेलन एवं अपराध समीक्षा गोष्ठी सम्पन्न”

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा कानून-व्यवस्था, जनशिकायतों और त्यौहारों की तैयारियों की समीक्षा कर दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश-

दिनांक 19.06.2025 की सायं पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस लाइन महोबा स्थित सभागार में मासिक सैनिक सम्मेलन एवं मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया।

सैनिक सम्मेलन के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कर्मियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित शाखा प्रभारियों को उनके त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक थाना स्तर पर नियमित सैनिक सम्मेलन आयोजित कर पुलिसकर्मियों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाया जाए।

**अपराध समीक्षा गोष्ठी:** पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद में विगत माह में घटित घटनाओं की गहन समीक्षा की गई, जिसमें गंभीर अपराधों की विवेचना, अपराध नियंत्रण, अपराधियों के विरुद्ध प्रचलित कार्यवाही, गुमशुदा की बरामदगी हेतु किये जा रहे प्रयास, बीट पुलिसिंग, मिशन शक्ति, अभियोजन की स्थिति, यातायात प्रबंधन, जनसुनवाई व्यवस्था एवं अन्य प्रचलित अभियानों की बिन्दुवार गहन समीक्षा की गई।

**महिला एवं बाल सुरक्षा:** महिला एवं बाल अपराधों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध त्वरित गिरफ्तारी और न्यायालय में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित हो। महिला हेल्प डेस्क, महिला बीट प्रणाली एवं मिशन शक्ति की नियमित समीक्षा कर महिला सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाया जाए।

**त्योहारों एवं आगामी आयोजनों की तैयारी:** मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठकें आयोजित की जाएं। जुलूसों के मार्ग का पूर्व भ्रमण कर संभावित विवादित स्थानों पर सतर्कता बरती जाए। धर्मगुरुओं और सम्भ्रांत नागरिकों से समन्वय बनाए रखें।

**तकनीकी सुदृढ़ीकरण:** प्रमुख स्थानों, बाजारों, चौराहों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाए। पुराने कैमरों का रख-रखाव एवं अपग्रेडेशन सुनिश्चित किया जाए।

**ऑपरेशन कन्विक्शन व अभियोजन प्रणाली:** गंभीर अपराधों के मुकदमों की सूचीबद्ध समीक्षा कर अधिकतम दोषसिद्धि सुनिश्चित की जाए। मा० न्यायालय में प्रभावी एवं सतत पैरवी की जाए ताकि आरोपियों को कठोरतम सजा दिलाई जा सके।

**यातायात प्रबंधन एवं सड़क सुरक्षा:** नगर निकायों व परिवहन विभाग से समन्वय कर यातायात नियमन को व्यवस्थित किया जाए। ब्रेथ एनालाइजर, आईटीएमएस एवं अन्य तकनीकी उपकरणों के माध्यम से नियम उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाए। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर ट्रैफिक सुधार के लिए ब्लू प्रिंट तैयार किया जाए।




**जनसुनवाई और शिकायत निवारण:**

IGRS पोर्टल, पुलिस सहायता केंद्र व जनसुनवाई रजिस्टर की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित हो। प्रत्येक अधिकारी शिकायतों को मानवता एवं संवेदनशीलता के साथ लें।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अरुण कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवकुमार सिंह सहित सभी थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी एवं जनपदीय पुलिस की सभी शाखाओं के प्रभारीगण मौजूद रहे।

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 20.06.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने अवैध शस्त्र के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शस्त्र की रोकथाम एवं अवैध शस्त्र धारक अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी एवं बरामदगी अभियान के क्रम में आज दिनांक- 20.06.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी, श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर द्वारा गठित की गयी उ0नि0 दिनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अभियान के तहत मुखबिर खास की सूचना पर थानाक्षेत्र के इमलिया गाँव के पूर्व बने पुल के पास बहद ग्राम इमिलिया के पास से अवैध शस्त्र के साथ अभियुक्त उम्मेद यादव पुत्र उनुवा यादव उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम मंझगवा खुर्द थाना अजनर जनपद महोबा को हिरासत में लिया जिसके कब्जे से 01 अदद नाजायज देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा थाना स्थानीय में पंजीकृत मु0अ0स0 163/24 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित माल मशरूका 1500/- रूपये बरामद किया गया । अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामद नाजायज तमंचा कारतूस के सम्बन्ध में अभियुक्त के विरुद्ध थाना श्रीनगर में मु.अ.सं. 125/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को न्यायालय पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त -

उम्मेद यादव पुत्र उनुवा यादव उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम मंझगवा खुर्द थाना अजनर जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली टीम –

1. उ0नि0 दिनेश कुमार सिंह
2. उ0नि0 श्री कन्हैयालाल पटेल
3. हे0का0 विनोद कुमार



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 20.06.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## थाना खरेला की संयुक्त पुलिस टीम ने पाक्सो एक्ट में वांछित 02 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक-20.06.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में थाना खरेला थानाध्यक्ष श्रीमती सुषमा चौधरी द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया।

उ0नि0 अवनीश कुमार यादव मय हमराह के नेतृत्व में गठित प्रथम पुलिस टीम ने मु0अं0सं0- 50/25 धारा 75/76 बीएनएस व 9/10 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित एक नफर वांछित अभियुक्त परशराम पुत्र चन्द्र प्रकाश अहिरवार निवासी ग्राम बल्लांय थाना खरेला जनपद महोबा को धवारी तिराहा कस्बा व थाना खरेला जनपद महोबा से गिरफ्तार किया है।

इसी क्रम में उ0नि0 ब्रजकिशोर शुक्ला मय हमराह के नेतृत्व में गठित द्वितीय पुलिस टीम ने मु0अ0सं0- 51/25 धारा 333/76/352/351(2)/137(2) BNS व 7/8 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित एक नफर वांछित अभियुक्त गुल मुहम्मद पुत्र श्री नूर मोहम्मद निवासी मु0 सादराय-2 कस्बा व थाना खरेला जनपद महोबा को मु0 सादराय -2 कस्बा व थाना खरेला से गिरफ्तार किया है।

### गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण –

1. परशराम पुत्र चन्द्र प्रकाश अहिरवार निवासी ग्राम बल्लांय थाना खरेला जनपद महोबा
2. गुल मुहम्मद पुत्र श्री नूर मोहम्मद निवासी मु0 सादराय-2 कस्बा व थाना खरेला महोबा

### गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम का विवरण –

1.उ0नि0 अवनीश कुमार यादव 2. का0 सचिन यादव

1. उ0नि0 श्री ब्रजकिशोर शुक्ला 2. का0 शिवबाबू यादव






## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में प्रभारी यातायात द्वारा चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान, वाहन चालकों को पढाया यातायात नियमों का पाठ...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने व यातायात व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने के उद्देश्य से निरन्तर सघन चेकिंग/जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके क्रम में आज दिनांक- 20.06.2025 को प्रभारी यातायात महोबा श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा विशेष अभियान के तहत यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया साथ ही दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु बिना हेलमेट/शीटबेल्ट लगाकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध अभियान चलाया गया व दुर्घटना से बचाव हेतु हेलमेट/शीटबेल्ट के महत्व को बताते हुए यातायात नियमों का पाठ पढाया गया।

इसी क्रम में शहर के मुख्य स्थानों पर काली फिल्म, हूटर, दोषपूर्ण नम्बर प्लेट, हेलमेट, सीट बेल्ट की चेकिंग की गई एवं चालान किए गए। यातायात पुलिस टीम द्वारा आमजनमानस/वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए सभी को यातायात नियमों का पालन किये जाने की अपील की जा रही है, जिससे जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं को होने से रोका जा सके।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 20.06.2025**

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा रिक्रूट आरक्षियों को प्रशिक्षण के दौरान ब्रीफ कर दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

आज दिनांक 20.06.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा आज पुलिस लाइन महोबा में जेटीसी (Joint Training Centre) प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने प्रशिक्षणरत आरक्षियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश पुलिस की गरिमा को बनाए रखने की दिशा में पहला सशक्त कदम है। उन्होंने सभी रिक्रूट्स को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, ईमानदारी एवं सेवा भावना के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा ने समस्त आरक्षियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह समय उनके जीवन में एक महत्वपूर्ण मोड़ है, जहां से वे न केवल अपने व्यक्तिगत विकास की दिशा में अग्रसर होंगे, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा में भी अपना योगदान देंगे।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सोशल मीडिया की नियमावली का पूर्णतः पालन करते हुए प्रशिक्षण से संबंधित कोई भी वीडियो अथवा जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रसारित न करें।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे, जिससे आयोजन को गरिमामयी रूप प्राप्त हुआ।









